राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

''टी.ओ.टी. फोर पुलिस ऑफर्सस एट पुलिस स्टेशन रिसेप्शन सेन्टरस''

<u>कोर्स रिपोर्ट</u>

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार ''टीओटी फोर पुलिस ऑफिर्सस एट पुलिस स्टेशन रिसेप्सन सेन्टरस'' विषय पर 05 दिवसीय टीओटी कोर्स दिनांक 27.07.2020 से 31.07.2020 तक आयोजित किया गया है।

इस टीओटी कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 79 प्रतिभागियों ने जिसमें 22 पुलिस निरीक्षक, 55 उप निरीक्षक व 02 सहायक उप निरीक्षकगणों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। इस टीओटी कोर्स के कोर्स डायरेक्टर श्री रिछपाल सिंह, पुलिस उप अधीक्षक ने कोर्स की प्रस्तावना के साथ कोर्स की शुरूआत कर टीओटी फोर पुलिस ऑफिर्सस एट पुलिस स्टेशन रिसेप्शन सेन्टरस के विभिन्न आयामों के बारे में बताया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि प्रात: 10.30 से सांय 05.00 तक रही है, जिसमें टीओटी फोर पुलिस ऑफिर्सस एट पुलिस स्टेशन रिसेप्शन सेन्टरस विषयों पर विभिन्न कानूनों की जानकारी, थाने के स्वागत कक्ष पर आने वाले आगुन्तकों के साथ व्यवहार कुशलता व स्वागत कक्ष की उपयोगिता के बारे में

जानकारी, विभिन्न विषय पर विशेषज्ञों द्वारा दी गई। आमंत्रित अतिथि व्याख्याताओं ने उपस्थित होकर व्याख्यान दिये।

कोर्स के दौरान प्रथम दिवस को प्रो0 डॉ0 अनिल मेहता, मैनेजमेन्ट एक्सपर्ट ने सेवा के रूप में संवाद की सम्पूर्ण जानकारी दी अपने व्यक्तिगत अनुभव तथा सरकारी जीवन में आई चुनौतियों एवं समाधान के अनुभव साझा किये। द्वितीय सेशन में श्री अशोक गुप्ता, डीआईजी ने अपराधों के प्रति, विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं उन पर त्वरित कार्यवाही हेतु तैयारी एवं जिम्मेदार के संबंध में जानकारी प्रदान की। तृतीय सेशन में श्रीमती रेणुसिंह, दिशा एनजीओ ने वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यागों से व्यवहार, विशिष्टता देखभाल के पहलू के बारे में बताया।

द्वितीय दिवस को श्री शंकरदत शर्मा, पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण ने शिकायतकर्ता के अधिकार, शिकातकर्ताओं व पीडितों की समस्याओं का निराकरण व भाषा का ज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, एवं स्थानिय भाषा) एवं संचार कौशल, मूलभूत गुण पर जानकारी प्रदान की। द्वितीय सेशन में श्रीमती सुनिता मीणा, अति0 पुलिस अधीक्षक ने पीडित महिलाओं तथा बालकों से व्यवहार, कानूनी प्रावधान एवं व्यवहार संबंधी अपेक्षाओं पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। तृतीय सेशन में श्री जगदीश कुमार सचदेवा, आई.ए.एस. (से.नि.), ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 एवं राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

तृतीय दिवस को श्रीमती दीपाली पाठक, मेडिकल जूरिस्ट ने घायल व्यक्तियों से व्यवहार, कानूनी प्रावधान एवं त्वरित कार्यवाही संबंधी जानकरी प्रदान की। द्वितीय सेशन में श्री सुनिल पूनियां, पुलिस निरीक्षक, (से.नि.) ने प्राप्त दस्तावेजो/ अभ्यावेदनों/ शिकायतों का दस्तावेजीकरण, बेहतर रिकार्ड प्रबन्धन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। तृतीय सेशन में श्रीमती हेमलता शर्मा, सीनियर कंसलटेन्ट एण्ड सोसियल एक्टीविस्ट, जयपुर ने आवश्यक सूचनाओं व सेवाओं की जानकारी विभिन्न हेल्प लाईन नम्बर वन स्टॉप क्राइसिस सेन्टर, सामुदायिक पुलिसिंग तथा राजस्थान पुलिस की विभिन्न योजनाऐं, विधिक सहायता, पीडि.त प्रतिकर की सम्पूर्ण जानकारी दी।

चतुर्थ दिवस के प्रथम सेशन में श्री धमेन्द्र भटनागर आईएएस (से.नि.) सामन्जस्य से सुगमता, समाधान हेतु अत्तरदायी संस्था तक पंहुच एवं सहयोग पर अपने व्याख्यान दिये। द्वितीय सेशन व तृतीय सेशन में श्री पुष्पेन्द्र सिंह, उप अधीक्षक पुलिस, सीआईडी (सीबी) ने प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न भूमिकाओं का मंचन, समीक्षा तथा विचार & विमर्श व रिसेप्शन डेस्क पर सूचना प्रबन्धन एवं आदान प्रदान के तरीके विदेशी नागरिकों से संवाद, समस्याओं का समाधान पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

अन्तिम दिवस को प्रथम सेशन में श्री आर.के. सक्सेना, आई.जी. (जेल) (से.नि.), ने नकारात्मक पुलिस संवाद के उदाहरण एवं उनके सुधारात्मक विकल्प (विभिन्न केस स्टडी) के बारे में व्याख्यान दिया। द्वितीय सेशन में श्री रमेश अरोडा, चेयरमैन मैनेजमेंट डेवलमेंट, अकादमी, जयपुर ने प्रभावी संवाद व संप्रेष्ण केस स्टडीज पर अपने व्याख्यान दिये। तृतीय सेशन में प्रो0 अनिल मेहता, मेनेजमेन्ट एक्सपर्ट ने प्रभावी बिजनेस संवाद के बारे में जानकारी दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को समापन सत्र दिनांक 31.07.02020 कों 04:30 बजे आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नीनासिंह, अतिरिक्त महानिदेशक, प्रशिक्षण पधारे, इनके अतिरिक्त इस समारोह में श्री राजीव शर्मा, निदेशक, आर.पी.ए एवं श्री मनीष अग्रवाल, उपनिदेशक एवं प्राचार्य आर.पी.ए भी उपस्थित रहे जिनकी उपस्थिति में श्रीमति नीनासिंह, अतिरिक्त महानिदेशक, प्रशिक्षण द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को संबोधित किया व प्रतिभागियों को प्रमाण & पत्र वितरित किए। प्रतिभागियों को श्रीमान निदेशक महोदय, आर.पी.ए. द्वारा संबोधित किया गया व अन्त में उपनिदेशक एवम् प्राचार्य महोदय, आर.पी.ए. द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समापन की घोषणा की गई।

रिछपाल सिंह
(पुलिस उप अधीक्षक)
कोर्स डायरेक्टर,
राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर